Series HMJ/1

SET-1

कोड नं.
Code No. **59/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **19** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) | Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न–पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है —* ***क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क*** *– प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***20*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य परन्तु 20 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* ***खण्ड ख*** *– प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***23*** *लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग*** *– प्रश्न संख्या* ***24*** *से* ***27*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ*** *– प्रश्न संख्या* ***28*** *से* ***30*** *तक दो प्रश्न अवतरण पर तथा एक प्रश्न चित्र अथवा कार्टून पर आधारित है, प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*प्रश्न संख्या* ***31*** *मानचित्र से संबंधित है जिसमें महत्त्वपूर्ण स्थानों की पहचान दी गई जानकारी के आधार पर ही की जानी है । इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ*** *– प्रश्न संख्या* ***32*** *से* ***34*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक वाले एक प्रश्न में, चार-चार अंकों वाले एक प्रश्न में तथा छः-छः अंकों वाले तीन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**1.** पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान कब तक एक साथ एक देश के रूप में इकट्ठे रहे ? *1*

**अथवा**

श्रीलंका की राजनीति पर किस समुदाय का दबदबा है ? *1*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *Question paper comprises **five** Sections — **A**, **B**, **C**, **D** and **E**. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A** – Questions no. **1** to **20** are very short-answer type questions, carrying **1** mark each. They are required to be answered in one word or one sentence each, but not exceeding 20 words.*

*(iii)* ***Section B** – Questions no. **21** to **23** are short-answer type questions, carrying **2** marks each. Answers to them should not exceed 40 words each.*

*(iv)* ***Section C** – Questions no. **24** to **27** are long-answer type questions, carrying **4** marks each. Answers to them should not exceed 100 words each.*

*(v)* ***Section D** – Questions no. **28** to **30** are two passage based questions and one picture OR cartoon based question, carrying **5** marks each. Answers to them should not exceed 150 words each.*

*Question no. **31** is a map based question that includes identification of important places on the basis of given information. Write its answers in your answer-book.*

*(vi)* ***Section E** – Questions no. **32** to **34** are long-answer type questions, carrying **6** marks each. Answers to them should not exceed 150 words each.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in 1 question of one mark, 1 question of four marks and 3 questions of six marks. Only one of the choices in such questions is to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

**1.** How long did East Pakistan and West Pakistan remain together as one country ? *1*

**OR**

Which community dominates the politics of Sri Lanka ? *1*

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक राज्य बाल्टिक गणराज्य ***नहीं*** है ? *1*

(A) एस्टोनिया

(B) उक्रेन

(C) लताविया

(D) लिथुआनिया

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश सार्क का सदस्य ***नहीं*** है ? *1*

(A) भारत

(B) म्याँमार

(C) बांग्लादेश

(D) नेपाल

**4.** निम्नलिखित कथन को सही करके अपनी उत्तर-पुस्तिका में पुन: लिखिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

नाटो जून 1949 में अस्तित्व में आया और यह 11 राज्यों का संघ था ।

**5.** दक्षिण एशिया में लोकतंत्र की आकांक्षा के लिए किसी एक कारण की पहचान कीजिए । *1*

**6.** भारत में वैश्वीकरण का विरोध किस सांस्कृतिक प्रभाव के कारण हुआ ? कोई एक उदाहरण दीजिए । *1*

**7.** विश्व की साझी विरासत के बारे में निम्नलिखित कथन के लिए सही या ग़लत के रूप में पहचान कीजिए : *1*

उत्तरी गोलार्द्ध के देश 'विश्व की साझी विरासत' की सुरक्षा के लिए, दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों से कहीं ज्यादा चिंतित हैं ।

**8.** सुरक्षा का संबंध किस प्रकार के ख़तरों से है ? *1*

**9.** स्वतंत्र भारत में भाषा के आधार पर बनाया गया पहला राज्य कौन-सा था ? *1*

**2.** Which one of the following States is ***not*** a Baltic Republic ? *1*

(A) Estonia

(B) Ukraine

(C) Latvia

(D) Lithuania

**3.** Which country among the following is ***not*** a member of SAARC ? *1*

(A) India

(B) Myanmar

(C) Bangladesh

(D) Nepal

**4.** Correct the following statement and rewrite in your answer-book : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

NATO came into existence in June 1949 and it was an association of 11 States.

**5.** Identify any one reason for the aspiration of democracy in South Asia. *1*

**6.** Resistance to globalisation in India has come from which cultural influence ? Give any one example. *1*

**7.** Identify the following statement about the global commons as true or false : *1*

The countries of the North are more concerned about the protection of the global commons than the countries of the South.

**8.** Security is related to which types of threats ? *1*

**9.** Which was the first state created on the basis of language in free India ? *1*

**10.** आप कैसे कह सकते हैं कि आज़ादी के समय तक काँग्रेस एक व्यापक आधार वाला सामाजिक गठबंधन था ? *1*

**11.** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) द्वारा मतदान किन दो तरीकों से मतपत्रों द्वारा मतदान करने से बेहतर है ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

**12.** अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं के ऐसे कोई दो उदाहरण दीजिए जहाँ भारत ने अपना स्वतंत्र रुख अपनाया हो । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

**13.** निम्नलिखित कथन को सही करके अपनी उत्तर-पुस्तिका में पुन: लिखिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

भारत और बांग्लादेश के बीच नवम्बर 1971 में पूर्ण पैमाने पर युद्ध आरम्भ हो गया था ।

**14.** ऐसी किन्हीं दो बातों का उल्लेख कीजिए जो 1971 में नई काँग्रेस के पास तो थीं परन्तु उसके बड़े विपक्षियों के पास उनका अभाव था । $2\times\frac{1}{2}=1$

**15.** 1977 में केंद्र में सत्ता में आए सही राजनीतिक दल को चुनिए । *1*

(A) जनता पार्टी

(B) भारतीय जनसंघ

(C) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया

(D) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस

**16.** "आपातकाल और इसके आसपास की अवधि को हम संवैधानिक संकट की अवधि के रूप में भी देख सकते हैं ।" इस कथन के पीछे के मुख्य कारण का विश्लेषण कीजिए । *1*

**17.** BKU कहे जाने वाले राजनीतिक दल का पूरा नाम लिखिए । *1*

**10.** How can you say that Congress was a broad-based social coalition by the time of Independence ? *1*

**11.** In which two ways is the voting by EVM better than voting by ballot papers ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

**12.** Give any two examples of international events where India took an independent stand. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

**13.** Correct the following statement and rewrite in your answer-book : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

A full-scale war between India and Bangladesh broke out in November 1971.

**14.** Mention any two things which the New Congress had but its big opponents lacked in 1971. $2\times\frac{1}{2}=1$

**15.** Select the correct political party which came to power at the centre in 1977. *1*

(A) Janata Party

(B) Bharatiya Jana Sangh

(C) Communist Party of India

(D) Indian National Congress

**16.** "The Emergency and the period around it can be described as a period of constitutional crisis." Analyse the main reason behind this statement. *1*

**17.** Write the full name of the political party called BKU. *1*

**18.** 1989 में वाम मोर्चे और भाजपा के बाहरी समर्थन से 'राष्ट्रीय मोर्चा सरकार' का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया था ? *1*

(A) चन्द्रशेखर

(B) एच.डी. देवगौडा

(C) आई.के. गुजराल

(D) वी.पी. सिंह

**19.** पूर्वोत्तर में बड़े पैमाने पर आए आप्रवासियों को अतिक्रमण करने वाला क्यों समझा जाता है ? *1*

**20.** निम्नलिखित में से किस गठबंधन ने 1989 में केंद्र में सरकार बनाई ? *1*

(A) राजग (एन.डी.ए.)

(B) संयुक्त मोर्चा

(C) राष्ट्रीय मोर्चा

(D) संप्रग (यू.पी.ए.)

## खण्ड ख

**21.** बाहरी सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा के एक तत्त्व के रूप में शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए सबसे बढ़िया तरीका क्या है ? *2*

**22.** 1969 में काँग्रेस पार्टी में विभाजन के किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए । *2×1=2*

**23.** मंडल आयोग द्वारा सुझाई गई किन्हीं दो सिफ़ारिशों का उल्लेख कीजिए । *2×1=2*

## खण्ड ग

**24.** महाशक्तियों के मित्र राष्ट्रों के रूप में छोटे राज्य किन चार तरीकों से उनके लिए सहायक होते हैं ? *4×1=4*

**25.** अमरीकी शक्ति की राह में आने वाले किन्हीं तीन अवरोधों का विश्लेषण कीजिए । आपके विचार में, इनमें से कौन-सा अवरोध भविष्य में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हो सकता है ? *3+1=4*

**18.** Who among the following led the National Front Government in 1989, with the outside support of the Left Front and the BJP ? *1*

(A) Chandrashekhar

(B) H.D. Deve Gowda

(C) I.K. Gujral

(D) V.P. Singh

**19.** Why are the large scale migrants to the North-East seen as encroachers ? *1*

**20.** Which one of the following coalitions formed the government at the Centre in 1989 ? *1*

(A) NDA

(B) United Front

(C) National Front

(D) UPA

## SECTION B

**21.** What best can be done to maintain the balance of power as a component of traditional notion of external security ? *2*

**22.** Analyse any two causes of the split in the Congress Party in 1969. *2×1=2*

**23.** Mention any two recommendations suggested by the Mandal Commission. *2×1=2*

## SECTION C

**24.** In which four ways are the smaller states helpful to the superpowers as their allies ? *4×1=4*

**25.** Analyse any three constraints on American power. In your view, which constraint can get more important in the future ? *3+1=4*

**26.** 1947 में हुए भारत के विभाजन के किन्हीं चार परिणामों को स्पष्ट कीजिए । *4×1=4*


**अथवा**

भारत में पहले तीन आम चुनावों में काँग्रेस पार्टी के प्रभुत्व के किन्हीं चार कारणों को स्पष्ट कीजिए । *4×1=4*

**27.** भारत की विदेश नीति को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों की परख कीजिए । *4×1=4*

## खण्ड घ

**28.** नीचे दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :




(i) चीन का प्रतिनिधित्व करने के लिए साइकिल को एक प्रतीक के रूप में क्यों चुना गया है ?

(ii) साइकिल के दो पहियों के भीतर के चिह्न क्या दर्शाते हैं ?

(iii) दिए गए चित्र द्वारा क्या संदेश दिया गया है ? *1+2+2=5*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 28 के स्थान पर हैं ।*

(28.1) चीन और सं.रा. अमेरिका द्वारा अपनाई गई आर्थिक नीतियों के बीच कोई दो अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(28.2) चीन की किन्हीं तीन नई आर्थिक नीतियों का उल्लेख कीजिए जिनके कारण इसका तेज़ गति से विकास हुआ । *2+3=5*

**26.** Explain any four consequences of the partition of India in 1947. *4×1=4*

**OR**

Explain any four reasons for the dominance of Congress Party in the first three general elections in India. *4×1=4*

**27.** Examine any four factors that have influenced India's foreign policy. *4×1=4*

## SECTION D

**28.** Study the picture given below carefully and answer the questions that follow :




(i) Why has the bicycle been chosen as a symbol to represent China ?

(ii) What do the symbols within the two wheels of the bicycle stand for ?

(iii) What message is conveyed by the given picture ? *1+2+2=5*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 28.*

(28.1) Explain any two points of distinction between the economic policies adopted by China and USA.

(28.2) Mention any three new economic policies of China which made it grow at a faster rate. *2+3=5*

**29.** नीचे दिए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

'लीग ऑफ़ नेशन्स' के उत्तराधिकारी के रूप में संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना हुई । द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के तुरंत बाद सन् 1945 में इसे स्थापित किया गया । .............. देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्रसंघ के घोषणा-पत्र पर दस्तख़त करने के साथ इस संगठन की स्थापना हो गई । दो विश्व युद्धों के बीच 'लीग ऑफ़ नेशन्स' जो नहीं कर पाया था उसे कर दिखाने की कोशिश संयुक्त राष्ट्रसंघ ने की । संयुक्त राष्ट्रसंघ के उद्देश्य हैं .............. ।

(a) संयुक्त राष्ट्रसंघ के घोषणा-पत्र पर 1945 में कितने देशों ने हस्ताक्षर किए ?

(b) ऐसे किन्हीं दो उद्देश्यों को उजागर कीजिए जिनके लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना की गई थी ।

(c) संयुक्त राष्ट्र की ऐसी किन्हीं दो उपलब्धियों का उल्लेख कीजिए जिन्हें दो विश्व युद्धों के बीच 'लीग ऑफ़ नेशन्स' नहीं प्राप्त कर पाया था । *1+2+2=5*

**30.** नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

ज़रूरी नहीं कि हर नियोजन केंद्रीकृत ही हो । ऐसा भी नहीं है कि नियोजन का मतलब हमेशा उद्योगों और बड़ी-बड़ी परियोजनाओं से ही लगाया जाए । केरल में विकास और नियोजन के लिए जो रास्ता चुना गया उसे 'केरल मॉडल' कहा जाता है । इस मॉडल में .............. पर ज़ोर दिया जाता रहा है । केरल में प्रति व्यक्ति आय अपेक्षाकृत कम है और यहाँ औद्योगिक-आधार भी तुलनात्मक रूप से कमज़ोर रहा है । इसके बावजूद केरल में साक्षरता शत-प्रतिशत है । आयु प्रत्याशा बढ़ी है और वहाँ शिशु मृत्यु-दर, मातृ मृत्यु-दर और जन्म-दर भी कम है । केरल में लोगों को कहीं ज़्यादा चिकित्सा-सुविधा मुहैया है ।

(a) केंद्रीकृत नियोजन से क्या अभिप्राय है ?

(b) विकेंद्रीकरण किन दो प्रकार से केंद्रीकरण से बेहतर है ?

(c) नियोजन और विकास के लिए चुने गए 'केरल मॉडल' में किन क्षेत्रों पर बल दिया गया है ? किन्हीं दो क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए । *1+2+2=5*

29. Study the passage given below carefully and answer the questions that follow :

The UN was founded as a successor to the League of Nations. It was established in 1945 immediately after the Second World War. The organisation was set up through the signing of the United Nations Charter by ............... states. It tried to achieve what the League could not between the two world wars. The UN's objectives are ............... .

(a) How many countries signed the UN Charter in 1945 ?

(b) Highlight any two objectives for which the UNO was formed.

(c) Mention any two achievements of the United Nations which the League of Nations could not achieve between the two World Wars. *1+2+2=5*

30. Read the passage given below carefully and answer the questions that follow :

It is not necessary that all planning always has to be centralised; nor is it that planning is only about big industries and large projects. The 'Kerala Model' is the name given to the path of planning and development charted by the State of Kerala. There has been a focus in this model on ............... . Despite low per capita incomes, and a relatively weak industrial base, Kerala achieved nearly total literacy, long life expectancy, low infant and female mortality, low birth rates and high access to medical care.

(a) What is meant by centralised planning ?

(b) In which two ways is decentralisation better than centralisation ?

(c) The 'Kerala Model' of planning and development focused on which areas ? Mention any two areas. *1+2+2=5*

**31.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर) में पाँच राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ के द्वारा अंकित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबन्धित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में संबन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) वह राज्य जहाँ डी.एम.के. पार्टी अस्तित्व में आई ।


(ii) वह राज्य जहाँ 1967 में नक्सलवादी आंदोलन का आरम्भ हुआ था ।

(iii) वह राज्य जिसका संबंध काँग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, एस. निजलिंगप्पा से था ।

(iv) वह राज्य जहाँ से 'आया राम, गया राम' का जुमला प्रारंभ हुआ ।

(v) वह राज्य जिसमें काँग्रेस पार्टी को 1967 के विधानसभा चुनाव में बहुमत नहीं मिला, परंतु उसने दूसरों की सहायता से सरकार बनाई । *5×1=5*

प्रश्न सं. 31 के लिए



**31.** In the given political outline map of **India** (on page 17), five States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify these States on the basis of information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabets given in the map as per the following format :

| Sr. no. of the information used | Concerned alphabet in the map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The State where DMK Party came into existence.


(ii) The State where the Naxalite Movement began in 1967.

(iii) The State associated with the former President of Congress, S. Nijalingappa.

(iv) The State from where the phrase 'Aya Ram, Gaya Ram' originated.

(v) The State in which the Congress Party did not get majority in the Assembly elections of 1967, but formed the government with the help from others. *5×1=5*

For question no. 31



*नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 31 के स्थान पर हैं ।*

(31.1) डी.एम.के. पार्टी का पूरा नाम लिखिए ।

(31.2) 1967 में गुजरात विधानसभा चुनाव में किस पार्टी को बहुमत मिला था ?

(31.3) एस. निजलिंगप्पा का संबंध किस राज्य से था ?

(31.4) 'आया राम, गया राम' जुमले का प्रारंभ किस राज्य से है ?

(31.5) उस राज्य का नाम लिखिए, जो पूर्व प्रधान मंत्री, चरण सिंह से संबंधित है । *5×1=5*

**खण्ड ङ**

**32.** "आंदोलन और विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र को मजबूत करते हैं ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? किन्हीं तीन उपयुक्त उदाहरणों द्वारा अपने उत्तर का समर्थन कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

"भारत के विभिन्न हिस्सों से क्षेत्रीय माँगें विविधता के साथ एकता के सिद्धांत को दर्शाती हैं ।" किन्हीं तीन उपयुक्त उदाहरणों के द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3×2=6*

**33.** 1972 में अंकटाड (यू.एन.सी.टी.ए.डी.) द्वारा वैश्विक व्यापार प्रणाली में सुधार लाने के लिए प्रस्तावित रिपोर्ट के अनुसार प्राप्त किए जाने वाले किन्हीं तीन लक्ष्यों का वर्णन कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

सोवियत प्रणाली की किन्हीं तीन सकारात्मक विशेषताओं और तीन कमज़ोरियों का वर्णन कीजिए । *3+3=6*

**34.** किन्हीं चार पर्यावरणीय चिंताओं की व्याख्या कीजिए जो वैश्विक राजनीति के मुद्दे बन गए हैं । $4\times1\frac{1}{2}=6$

**अथवा**

किसी देश की संस्कृति पर वैश्वीकरण के किन्हीं चार प्रभावों की व्याख्या कीजिए । $4\times1\frac{1}{2}=6$

**Note :** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 31.*

(31.1) Write the full name of DMK Party.

(31.2) Which party got majority in the 1967 Assembly elections in Gujarat ?

(31.3) S. Nijalingappa belonged to which State ?

(31.4) The phrase 'Aya Ram, Gaya Ram' got initiated from which State ?

(31.5) Name the State associated with the former Prime Minister, Charan Singh. *5×1=5*

## SECTION E

**32.** "Movements and protests strengthen democracy." Do you agree with this statement ? Support your answer with any three suitable examples. *3×2=6*

**OR**

"Regional demands from different parts of India exemplify the principle of unity with diversity." Support the statement with any three suitable examples. *3×2=6*

**33.** Describe any three targets to be achieved according to the proposed reforms of the global trading system in the report brought out by UNCTAD in 1972. *3×2=6*

**OR**

Describe any three positive features and three weaknesses of the Soviet System. *3+3=6*

**34.** Explain any four environmental concerns that have become issues of global politics. $4\times1\frac{1}{2}=6$

**OR**

Explain any four effects of globalisation on the culture of a country. $4\times1\frac{1}{2}=6$